डा० राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010

पत्रांकः 165 /Estb-III/डा०रा०म०लो०आ०सं०/2022 **दिनांकः 16 अप्रैल, 2022**

विज्ञप्ति

डा० राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में सहायक लेखाधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारी के एक–एक पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु योग्य एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। पूर्ण विवरण वेबसाइटः www.drrmlims.ac.in पर उपलब्ध है।

निदेशक

S. Nityanand

डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ–226010
फोन नं0–0522-6692120, 6692101 फैक्स नं0–0522-4918506

पत्रांकः– 165 / Estb-III / डा0रा0म0लो0आ0सं0 / 2022 दिनांकः 16 अप्रैल, 2022

विज्ञप्ति

डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में **सहायक लेखाधिकारी** एवं **प्रशासनिक अधिकारी** के एक–एक पद पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरे जाने हेतु योग्य एवं अर्ह अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

क्र0 सं0	पदनाम	वेतमान	ग्रेड पे (रु0 में)	नियुक्ति का प्रकार	रिक्त पदों की संख्या	अर्हता
1.	सहायक लेखाधिकारी	9300–34800	4200*	प्रतिनियुक्ति	01	Qualification: DTE or M.Com (with Accountancy in B.Com) + 5 years' Experience as Assistant Account.
2.	प्रशासनिक अधिकारी	15600–39100	5400	प्रतिनियुक्ति	01	Qualification Graduation (55% & above) with MBA or PG Diploma in Management or equivalent of 02 years duration or equivalent and knowledge of computer with two years' experience in Govt/Semi Govt. organization in administrative capacity

1. पदों की संख्या आवश्यकतानुसार घट–बढ़ सकती है।
2. अभ्यर्थी को राज्य सरकार अथवा भारत सरकार के विभागों अथवा उपक्रमों के अधीन नियमित रूप से कार्यरत होना चाहिए तथा पद हेतु निर्धारित वेतनमान एवं समान ग्रेड वेतन में अथवा इससे एक ग्रेड पे नीचे में कार्यरत होना चाहिए तथा * सहायक लेखाधिकारी पद हेतु ग्रेड पे रू0–4600 पर कार्यरत आवेदक भी आवेदन कर सकते हैं।
3. अभ्यर्थी को सम्बधित विभाग में स्थायी पद पर कम से कम पांच वर्ष की निरन्तर एवं संतोषजनक सेवा अनिवार्य है, जिसका प्रमाण अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत करना होगा।
4. अभ्यर्थी को हिन्दी एवं अंग्रेजी बोलने एवं लिखने में उत्कृष्ट दक्षता होनी चाहिए साथ ही चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में कार्य करने की अभिरूचि एवं योग्यता होनी चाहिए।
5. प्रतिनियुक्ति की सेवा अवधि 03 वर्ष की होगी तथा विशेष परिस्थितियों में 05 वर्ष होगी, परन्तु किसी भी दशा में प्रतिनियुक्ति अवधि 05 वर्ष से अधिक नहीं होगी।
6. साक्षात्कार के समय प्रतिनियुक्ति प्राधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

-------------2,

डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान,
विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ—226010
फोन नं0—0522-6692120, 6692101 फैक्स नं0—0522-4918506

7. प्रतिनियुक्ति पर तैनात किये गये कर्मचारी को उ0प्र0 शासन द्वारा स्वीकृत दरों पर मंहगाई भत्ता, नगर प्रतिकर भत्ता आदि अनुमन्य होगें तथा मूल विभाग में देय वेतन, पेंशन अशंदान प्रतिनियुक्ति नियमों के अन्तर्गत अनुमन्य होगा एवं प्रतिनियुक्ति भत्ते के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन के कार्मिक विभाग के शासनादेश लागू होगें।
8. मूल विभाग में वी.आर.एस. आदि का लाभ प्राप्त हो जाता है अथवा छॅटनी कर दी जाती है तो उक्त प्रतिनियुक्ति स्वतः निरस्त मानी जायेगी।
9. प्रतिनियुक्ति अवधि में, मूल विभाग में वापस किये जाने पर यदि सम्बन्धित कार्मिक का पद उसके मूल विभाग में समाप्त भी हो जाता है तो संस्थान में उनका कोई धारणाधिकार नहीं रहेगा।
10. प्रतिनियुक्ति पर तैनात कर्मचारी अपने मूल विभाग में प्रोफार्मा पदोन्नति के लिए पात्र होगा।
11. यदि प्रतिनियुक्ति पर तैनात कार्मिक के विरूद्व कोई प्रतिकूल तथ्य प्रकाश में आते है अथवा उनकी सेवाएं संस्थान के लिए उपयुक्त नहीं पायी जाती है तो उन्हें कोई कारण बताए उनके मूल विभाग में प्रत्यावर्तित कर दिया जायेगा जिसका सम्पूर्ण दायित्व सम्बन्धित कार्मिक का होगा।
12. जिन आवेदकों की अधिवर्षता आयु 05 वर्ष शेष रह गई है ऐसे अभ्यर्थी आवेदन हेतु अर्ह नहीं होगें।
13. संविदा पर कार्यरत कर्मचारी/निजी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारी आवेदन हेतु पात्रनहीं होगें।
14. उक्त पद हेतु निर्धारित ग्रेड—पे से अधिक ग्रेड—पे में कार्यरत अभ्यर्थी आवेदन हेतु पात्र नहीं होंगे।
15. जिस कर्मचारी के विरूद्व अनुशासनिक कार्यवाही/विभागीय कार्यवाही गतिमान है या सेवा संबधी कोई प्रकरण मा0 न्यायालय में लंबित/विचाराधीन है, आवेदन हेतु अर्ह नहीं होगें।
16. निदेशक, डा0 राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ—226025 के कार्यालय में आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि **16 मई, 2022** की सांय 05.00 बजे तक है।
17. अर्ह अभ्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु सूचना—स्थान, तिथि एवं समय के बारे में पृथक से अवगत कराया जायेगा।

S. Nityanand
निदेशक